गुरू घासीदास विश्वविद्यालय
GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA
(A Central University established by the Central Universities Act, 2009, No.25 of 2009)
KONI, BILASPUR-495 009 (C.G.) INDIA, कोनी बिलासपुर 495 009 (छ०ग०) भारत
Tel. - +91-7752- 260342, 260221 Fax - +91-7752- 260154, 260148, website - www.ggu.ac.in

क्रमांक 298 /अकादमी/21 बिलासपुर, दिनांक- 02.12.2021

02 DEC 2021

कार्यालयीय ज्ञाप

विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (वेट) प्रवेश के संबंध में विद्या परिषद की स्थायी समिति की आपात बैठक दिनांक 02.12.2021 में लिये गये निर्णय एवं पूर्व में जारी कार्यालयीय ज्ञापों के अनुक्रम में वेट 2021 के सभी आवेदकों के प्रवेश की प्रकिया अब निम्नानुसार संचालित की जाएगी :–

01 दिनांक 03.12.2021 को होने वाली प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 03.12.2021 के स्थान पर अब दिनांक 10.12.2021 को सम्पादित की जायेगी। ऐसे आवेदक जिनका किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं हुआ है तथा वे रिक्त सीटों के विरूद्ध प्रवेश हेतु आवेदन स्थानांतरित कराकर प्रवेश लेना चाहते है, वे दिनांक 07.12.2021 से लेकर 09.12.2021 (सायं 05 बजे) तक संबंधित विभाग में सम्पर्क कर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। स्थानांतरित आवेदनों पर विचार करते हुए प्राविण्यता के आधार पर प्रवेश दिनांक 10.12.2021 को संबंधित विभाग के द्वारा प्रदान किया जायेगा।

02. किसी पाठ्यक्रम के ऐसे आवेदक जिन्होंने अपने मूल आवेदन में अनारक्षित या कोई अन्य वर्ग अंकित कर दिया है, परन्तु अब उनके पास ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का होने का प्रमाण पत्र उपलब्ध है, तो ऐसे आवेदक ई.डब्ल्यू.एस. संवर्ग के रिक्त सीटों के विरूद्ध दिनांक 06.12.2021 को VET मेरिट के आधार पर पूर्व आवेदित पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

03. ऐसे आवेदक जो एससी, एसटी, ओबीसी अथवा पी.डब्ल्यू.डी. श्रेणी के है, परन्तु उन्होंने ऑन लाइन आवेदन पत्र जमा करते समय त्रुटीवश कोई अन्य श्रेणी अंकित कर दिया है, तो ऐसे आवेदक भी संबंधित श्रेणी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते हुए पूर्व आवेदित पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते है।

04. बिन्दु क्रमांक–2 एवं 3 में उल्लेखित वर्ग के प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदकों को दिनांक 06.12.2021 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक संबंधित विभाग में उपस्थित होकर पंजीयन कराना होगा एवं मूल आवेदन पत्र में संवर्ग परिवर्तन हेतु सुधार करने तथा रिक्त सीटों के विरूद्ध प्रवेश प्रदान करने हेतु सादे कागज में आवेदन जमा करना होगा।

संबंधित विभाग दिनांक 06.12.2021 को ही प्राप्त आवेदनों पर विचार करते हुए अपरान्ह 02:00 बजे तक VET प्राप्तांक के आधार पर प्राविण्यता सूची जारी करेंगे एवं रिक्त सीटों के विरूद्ध प्रवेश लेने हेतु उपरोक्त उल्लेखित आवेदकों से ऑन लाईन शुल्क जमा करवायेंगे।

1/2

05. एससी या एसटी श्रेणी के सीटों का आपस में परिवर्तन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों / नियम के अधीन किया जा सकता है।

06. VET 2021 के माध्यम से विज्ञापित पाठ्यक्रमों के विरूद्ध प्रवेश की अंतिम तिथि 10.12.2021 होगी।

07. नव प्रवेशित स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की ऑन लाईन कक्षायें तथा स्नातकोत्तर स्तर के नव प्रवेशित विद्यार्थियों की ऑफ लाईन कक्षायें दिनांक 14.12.2021 से प्रारम्भ होंगी।

साथ ही साथ विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया है कि अध्ययनरत् विद्यार्थियों की प्रथम एवं द्वितीय आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन ऑन लाईन कराया जाय।

उपरोक्तानुसार प्रावधान एवं व्यवस्था एत्द द्वारा सर्वसूचनार्थ जारी किया जाता है।

आदेशानुसार

सहायक कुलसचिव (अकादमी)

पृ. क्र. 299 /अकादमी/21 — बिलासपुर, दिनांक- 02.12.2021

02 DEC 2021

प्रतिलिपि-

1. कुलपति के निज सहायक/सचिव की ओर कुलपतिजी के सूचनार्थ ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक विभाग, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
3. समस्त अधिष्ठातागण, विद्यापीठें, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ ।
5. परीक्षा नियंत्रक, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ ।
6. समन्वयक, आई टी प्रकोष्ठ को सूचनार्थ एवं वेबपटल पर जारी किये जाने की आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
7. मीडिया प्रभारी, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ ।
8. कार्यालय प्रति ।

सहायक कुलसचिव (अकादमी)